हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023



# केंद्रों में जाम 17 लाख क्विंटल धान के उठाव में तेजी लाने कोरबा-जांजगीर चांपा के राईस मिलर को दिया जिम्मा, परिवहन में ही लाखों रुपए अतिरिक्त आएगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी प्रक्रिया को लगभग दो महीने पूरे हो गए हैं। नवंबर से शुरू हुई खरीदी में उठाव की सुस्त रफ्तार ही सबसे बड़ी समस्या और चुनौती इस बार रही है। उठाव नहीं होने से नाराज होकर एक दफा अविभाजित राजनांदगांव जिले के समिति प्रबंधक खरीदी भी बंद कर चुके हैं। वहीं पिछले पांच दिनों से मोहला-मानपुर जिले में भी खरीदी उठाव के चलते ही प्रभावित है। इन सब के बीच अब प्रशासन ने उठाव में तेजी लाने के लिए राजनांदगांव के राईस मिलर के अलावा कोरबा और जांजगीर-चांपा के मिलर को भी डीओ जारी कर दिया है। इन दोनों जिलों के लिए करीबन पांच लाख क्विंटल धान उठाव करने डीओ जारी हुआ है।

## पांच लाख क्विंटल धान का उठाव के लिए किया डीओ जारी, लाखों रुपए अतिरिक्त होगा खर्च

### एफसीआई लेगा 20 लाख क्विंटल उसना चावल

मिली जनकारी के अनुसार नए साल की शुरूआत के साथ ही एफसीआई में भी चावल जमा होने का काम शुरू हो जाएगा। एफसीआई 20 लाख क्विंटल उसना चावल लेगा। इसके अलावा मोटा चावल भी जमा किया जाएगा। एफसीआई द्वारा चावल लेने की शुरूआत होने से उठाव को लेकर बनी मौजूदा स्थिति में भी सुधार आ जाएगा।

**70 रुपए तक अतिरिक्त लगेगा शुल्क :** बताया गया कि अन्य जिलों के मिलर को उठाव का डीओ जारी करने से परिवहन में करीबन 70 रुपए तक अतिरिक्त शुल्क शासन को देना होगा। इस हिसाब से लाखों रुपए अतिरिक्त सिर्फ अन्य जिलों को उठाव का जिम्मा देकर खर्च होने वाले हैं।



### रायपुर, धमतरी के बाद नए दो जिलों को उठाव का जिम्मा

उल्लेखनीय है कि करीबन एक महीने पहले ही राजनांदगांव जिले के मिलर सहित धमतरी और रायपुर के राईस मिलर को उठाव के लिए डीओ जारी किया जा चुका है। हालांकि तब उनको कम मात्रा का ही डीओ जारी हुआ था। इधर अब जांजगीर-चांपा और कोरबा के मिलर को भी लगभग पांच लाख क्विंटल धान के उठाव का डीओ जारी कर दिया गया है।

प्रशासन द्वारा बाहरी जिलों के मिलरो को डीओ जारी करने से स्थानीय राईस मिलर में नाराजगी देखने को मिल रही है। हालांकि खुलकर कोई विरोध नहीं कर रहा है, लेकिन मिलर संचालकों का कहना है कि जिले में ही 85 राईस मिल है। इतनी संख्या में मिल जिले के सभी केंद्रों से उठाव करने में सक्षम हैं, इसके बावजूद दूसरे जिले के लिए डीओ जारी होना समझ से परे है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक एफसीआई द्वारा चावल नहीं लिया जा रहा था। जिसके चलते ही उठाव कुछ प्रभावित था, लेकिन अब जब एफसीआई भी चावल लेना शुरू करने वाला है तो उठाव की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही यह भी बताया कि जिलेभर से लगभग पतला धान उठ चुका है, अब केवल मोटा और उसना धान का ही उठाव शेष रह गया है।

## पिछले सालों की तुलना में 30 फीसदी अधिक कार्रवाई, वसूली रकम में भी इजाफा

# सालभर में 16 हजार कार्रवाई, ट्रक चालकों पर सर्वाधिक, यातायात के खजाने में आए 60 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब उनके खिलाफ यातायात विभाग द्वारा किए जाने वाली कार्रवाई के आंकड़ों में भी इजाफा हो गया है। पिछले तीन सालों के आंकड़े देखें तो इस बार सर्वाधिक 16186 कार्रवाई यातायात विभाग ने की है। इनमें भी पहली दफा ट्रक चालकों के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई देखने को मिली और पहले के सालों में जो आंकड़े 2-3 सौ तक सिमट जाते थे, इस बार पांच हजार से अधिक ट्रक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सालभर में चलाए गए अभियान के तहत यातायात विभाग के खजाने में 60 लाख रुपए से अधिक का राजस्व भी आ गया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग का एक वर्ग यातायात संभालने की जिम्मेदारी निभाता है। इस विभाग को ही यातायात के नियमों का पालन कराने से लेकर यातायात के नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई का भार दिया जाता है। पहले के सालों की तरह ही इस बार भी यातायात विभाग ने जगह-जगह पर अपनी टीम तैनात कर चालानी कार्रवाई की है। इसका असर भी आंकड़ों में देखने को मिला है। यह कहा जा सकता है कि अब तक का रिकार्ड प्रकरण जिले में इस बार दर्ज किया गया है। पिछले साल की तुलना में करीबन 30 फीसदी अधिक कार्रवाई देखने को मिली है। हालांकि इस बार बस चालकों पर यातायात पुलिस मेहरबान नजर आई। यही कारण रहा कि इस बार एक भी कार्रवाई इनके खिलाफ नहीं हुई है।

### बस के खिलाफ कार्रवाई नहीं

यातायात विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस बार ट्रक चालकों पर सर्वाधिक कार्रवाई हुई है। पिछले दो साल में जहां क्रमशः 139 और 272 कार्रवाई ही ट्रक चालकों पर हुई थी। इस बार यह आंकड़ा 5027 पर पहुंच गया है। इसके अलावा 170 टेम्पो-ऑटो, 521 जीप-कार, 1605 छोटे माल वाहक, 451 मेटाडोर, 8371 दो पहिया वाहन के साथ ही 41 अन्य प्रकार के वाहन पर कार्रवाई हुई है। इस बार जनवरी से नवंबर के तक एक भी बस के खिलाफ कार्रवाई जिले में नहीं हुई है। जबकि पिछले दो सालों में क्रमशः 3 और 29 कार्रवाई इनके खिलाफ हुई थी।

## पांच हजार से अधिक ट्रक के खिलाफ एक्शन



### तीन सवारी से सर्वाधिक वसूली

*तीन सवारी वाहन चलाने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर यातायात विभाग ने 3192 प्रकरण दर्ज कर इस साल 10.75 लाख का राजस्व वसूल किया है। ऐसे ही बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 1661 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 4.54 लाख रुपए वसूले गए हैं। नो-पार्किंग के 1353 मामले में 3.74 लाख रुपए, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने के 279 मामले में 2.57 लाख, तेज गति से वाहन चलाने वाले 89 प्रकरण में 2.07 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है। जनवरी से नवंबर के मध्य ही 16186 प्रकरण में 60.08 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है।*


### इन नियम को तोड़ने पर कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार यातायात विभाग ने तीन सवारी, नो पार्किंग, आम रोड पर वाहन खड़ा करना, बिना नंबर वाहन, माल वाहन में सवारी, काला शीशा, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, शराब सेवन, बिना लाइसेंस, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, प्रेशर हार्न, ओव्हर लोड, मोबाइल उपयोग करने के साथ ही तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# रात की ठिठुरन से मिलेगी राहत! न्यूनतम पारा 3 डिग्री तक चढ़ेगा

## डोंगरगढ़ रहा प्रदेश में सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मौसम में एक बार फिर से बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। हवा की दिशा बदलने के कारण ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है। उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं के आगमन में कमी आने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं अगले 72 घंटे के दौरान भी न्यूनतम यानि रात के तापमान में 3 डिग्री तक इजाफा होने की पूरी संभावना बताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सहित अंचल में भी बीते दो दिनों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। जिससे ठंड थोड़ी कम हुई है। वहीं दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री का इजाफा हुआ है। राजनांदगांव जिले का डोंगरगढ़ शहर शुक्रवार को अधिकतम तापमान के मामले में सबसे आगे रहा। 29.5 डिग्री के साथ डोंगरगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा।

**बाकी शहरों में तापमान के हाल**

- **रायपुर** : अधिकतम 27 .4 न्यूनतम 15 .7
- **बिलासपुर** : अधिकतम 28 .6 न्यूनतम 14 .4
- **दुर्ग** : अधिकतम 27 .8 न्यूनतम 13 .2
- **जगदलपुर** : अधिकतम 28 .6 न्यूनतम 12 .9
- **अंबिकापुर** : अधिकतम 26 .1 न्यूनतम 14 .4

### रात के साथ दिन का तापमान भी सामान्य से अधिक, कम हुई ठंड

एक सप्ताह पहले तक सामान्य से नीचे रहने वाले तापमान में अब इजाफा देखने को मिला है। यही कारण है कि 8 डिग्री तक लुढ़कने के बाद अब न्यूनतम यानि रात का तापमान 13.4 डिग्री तक पहुंच गया है, जो कि सामान्य से 1 डिग्री अधिक है। ऐसे ही अधिकतम यानि दिन का पारा 28 डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।

**खबर संक्षेप**

### ताला तोड़कर नगदी सहित आभूषण चोरी

**राजनांदगांव।** घर के लोग मंडई देखने गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और नगदी रकम सहित आभूषण व अन्य सामान पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्लूटोला में गत रात्रि एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने 60 हजार रुपए नगदी, 5 नग सोने का एक-एक पत्ती वाला माला कारीपोत गुथा हुआ, चांदी का 4 नग पट्टा, 1 चांदी का चैन, 1 नग चुटकी, पेनकार्ड, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, स्मार्ट कार्ड, वोटर आईडी, जमीन का पर्चा, गाड़ी का आरसीबुक को चोरी कर लिया। इस दौरान घर के लोग मंडई देखने के लिए ग्राम बैरागीभेडी गए हुए थे। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी उभेराम साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।






**सिर्फ पटवारी के खिलाफ कार्रवाई कर खानापूर्ति**

# फर्जी जमीन रजिस्ट्री के मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी स्थित सरकारी स्कूल की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में जांच की रफ्तार धीमी होने के साथ ही इसमें शामिल दोषियों को बचाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकरण में 190/7 खसरा की जमीन मौके पर नहीं और इसी खसरे के आधार पर चार से पांच टुकड़ों में अलग-अलग लोगों को जमीन बेचा गया। प्रारंभिक जांच में इस बात की स्पष्ट पुष्टि होने के बावजूद इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। सिर्फ पटवारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर महज खानापूर्ति की गई है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।


फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले में तत्कालीन पटवारी निलंबित

उल्लेखनीय है कि सरकारी जमीन की फर्जी तरीके से चार-पांच अलग-अलग लोगों के नाम से रजिस्ट्री करने के मामले का खुलासा होने के बाद ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। राजनांदगांव शहर सहित कई धनाढ्य लोग इस जमीन के खरीदी-बिक्री में शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में फोरलेन निर्माण के तहत खसरा नंबर 190/7 की जमीन निकल गई थी। इसी खसरे नंबर की जमीन का फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने का मामला उजागर हुआ है। प्रारंभिक जांच में पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिससे ग्रामीण असंतुष्ट हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसमें खरीदी-बिक्री करने वाले और दलालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की खरीदी-बिक्री पर रोक लग सके।

### करोड़पतियों का दानपत्र से जमीन बिक्री

सरकारी जमीन की दानपत्र के माध्यम से भी बिक्री का मामला उजागर हुआ है। बताया जाता है कि करोड़पतियों द्वारा बकायदा दानपत्र भी बनवाया गया है। जांच में सभी साक्ष्य मिलने के बाद प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

### सभी साक्ष्य के बाद भी कार्रवाई नहीं


सोमनी के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को संबंधित जमीन के रजिस्ट्री के कागजात सहित सभी दस्तावेज सौंपा गया है। इसके बावजूद प्रशासन सही तरीके से जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहा है।

# आधी रात दुकान में लगी आग, चार घंटे की मशक्कत बाद बुझी, लाखों का सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जैन बगीचा के पास स्थित एक दुकान में बीती रात अचानक आग लग गई। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड एवं पुलिस की टीम पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के जैन मंदिर जैन बगीचा के पास पूनम ट्रेडर्स नाम से दुकान संचालित है, जहां बीती रात लगभग 3 बजे अचानक आग लग गई। दुकान से धुंआ और आग की लपटे उठता देख लोगों में हडकंप मच गया था। रात में ही यहां आसपास के लोगों की उपस्थिति बन गई थी। आग लगने की इस घटना की सूचना पुलिस एवं फायर बिग्रेड टीम को दी गई।



### आग बुझाने घंटों मशक्कत

*सूचना मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड की टीम एवं पुलिस बल पहुंची, जिन्होंने आग पर काबू पाने काफी मशक्कत की। बताया गया कि फायर बिग्रेड की दो वाहनें और आठ कर्मचारी पहुंचे, जिन्होंने तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग से दुकान का शटर गर्म होने की वजह से शटर को तोड़ना पड़ा, कहीं फायर ब्रिगेड की टीम दुकान के भीतर घुसी और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग साढे तीन बजे से सुबह 7 बजे तक आग पर काबू पाने मशक्कत करना पड़ा।*

### दुकान का सामान जलकर खाक

आग इतनी जबर्दस्त थी कि दुकान के ऊपर तक आग की लपटें निकल रही थी। वहीं गहरा काला धुंआ उठ रहा था। इस आग की चपेट में दुकान का ऊपरी हिस्सा एवं आसपास का हिस्सा भी चपेट में आया। भीषण आग से दुकान का पूरा सामान फर्नीचर इत्यादी जलकर खाक हो गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आग लगने की वजह शार्ट-शर्किट माना जा रहा था। लगभग 10 से 12 लाख के रुपए का सामान जलकर खाक होने की आशंका है। आज दिनभर उक्त दुकान के पास आसपास के लोगों की उपस्थिति रही। आग पर काफी मशक्कत बाद काबू पा लेने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

# मोपेड वाहन से शराब की तस्करी, कोचिया पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मोपेड में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन करने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिससे 30 पौवा देशी शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री पर पूर्णत अंकुश लगाने अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत 28 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित सायबर टीम एवं थाना छुईखदान की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम महाराटोला पुल के पास घेराबंदी कर अवैध शराब रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर आरोपी आशीष भावतेकर पिता मोहनलाल 35 वर्ष निवासी गभरा थाना छुईखदान को अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा अवैध देशी शराब एव एक्टिवा वाहन कुल जुमला कीमती 37400 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## तैयारियों में जुटे लोग, पिकनिक स्पॉट पर रहेगी जमकर भीड़

# नए साल का जश्न मनाने रिसॉर्ट पहली पसंद, पहले ही बुकिंग फूल...घरों और मोहल्लों में भी आयोजन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चल रहे वर्ष की बिदाई और नववर्ष का स्वागत का जश्न मनाने की तैयारियों में लोग जुटने लगे हैं। 31 दिसंबर की रात जहां घरों से लेकर मोहल्लो में विविध आयोजन किए जाने की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर होटल, रिसोर्ट पिकनिक स्पाट में भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है।

वर्ष 2023 की बिदाई एवं 2024 का स्वागत लोग अपने-अपने तरीके से करने की तैयारी में हैं। हालांकि 25 दिसंबर से ही जिले के कई पिकनिक स्पाट में लोग पहुंचकर पिकनिक का आनंद उठाते और वर्ष के आखिरी सप्ताह को खुशियों के बीच बिताने पहुंच रहे हैं। लोग सपरिवार एवं मित्र मंडली के साथ इन दिनों नववर्ष पर कहां जाए, इसकी भी तैयारियों में जुटे हुए हैं।



### होंगे विविध आयोजन

ज्ञात हो कि नववर्ष के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय एवं अन्य जिलों से भी लोग मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। पूरे जनवरी माह यहां लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बनी रहती है। इसके अलावा मनगटा, मटियामोती जलाशय, बागनदी स्थित डेम सहित आसपास के पिकनिक स्पाट में भी लोग पहुंचकर नववर्ष का आनंद उठाते हैं। शहर के गार्डनों में भी सुबह से देर शाम तक लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बनी रहती है। बताया गया कि मनगटा के आसपास भी बड़ी संख्या में रिसोर्ट बन गए है, जिसे लोगों ने आरक्षित भी करना शुरू कर दिया है।

### ग्रामीण इलाकों में भी नववर्ष का जश्न

इधर 31 दिसंबर नववर्ष को लेकर बाजार के केक दुकानों में पूर्व से ही लोगों ने आर्डर देना शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में केक दुकानों को केक के आर्डर मिल रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी नववर्ष स्वागत की तैयारियां की जा रही है। पूरे जनवरी माह ग्रामीण इलाकों में विविध आयोजन किए जाएंगे। जिसमें प्रमुख रूप से मंडई-मेले का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बजरंगीडीह मंडई 31 को

**सड़क चिरचारी।** ग्राम बजरंगीडीह में आगामी 31 दिसंबर को मंगई मेले का आयोजन किया गया है। रात्रि में छतीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी बेंदाडी की प्रस्तुति होगी। ग्रामीणों ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### कार्रवाई की धमकी दे रहे भाजपाई

**डोंगरगढ़।** सरकार बदलने के बाद ग्राम पंचायतों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने के साथ धमकी देने की व्यापक चर्चा है। जानकारी के अनुसार भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने 30 से 40 पंचायतों में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगा है। सरपंच सचिव को कार्यवाही कराने की धमकी दी जा रही है जिससे सरपंच- सचिवों में जमकर नाराजगी है।

### राका में निकली अक्षत कलश यात्रा



**डोंगरगढ़।** राका में ग्रामवासियो ने आयोध्या से आए अक्षत कलश के साथ राम जानकी मंदिर से कलश यात्रा निकाला जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। भ्रमण के दौरान लोगों ने घर के सामने आरती उतार कर पूजा अर्चना किया। श्री राम मंदिर संपर्क अभियान के संयोजक जैनेंद्र सिन्हा ने बताया कि 3 दिन पूर्व से कलश यात्रा की तैयारी की जा रही थी। आगामी एक से 15 जनवरी तक अक्षत पत्रक व राम मंदिर फोटो वितरण करने की योजना बनाई गई है। यात्रा में लाल सिन्हा, चैतूराम साहू, निर्मल साहू, पुन्नू ठाकुर, रामसाय डड़सेना, हनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, अविनाश पोद्दार, पं.तिलेन्द्र दुबे, महावीर डड़सेना, देवा ठाकुर, सुनील साहू, प्रदीप कंवर, जितेंद्र विश्वकर्मा, दीपक पटेल, धर्मेंद्र पटेल, दीपक सिन्हा, किशोरी सिन्हा आदि शामिल हुए।

### घायल मवेशियों को जीव दया केन्द्र ने दिया सहारा



**डोंगरगांव।** गैंदाटोला के पास हुए सड़क हादसे में घायल गौवंश को स्थानीय क्षीरसागर जीव दया आश्रम ने आश्रय दिया है। यहां सभी मवेशियों का उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों एक वाहन में 27 मवेशियों को भरकर बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। गैंदाटोला के पास वाहन के पलटने से 10 मवेशियों की मौत हो गई है। वाहन में सवार 17 मवेशी घालय हो गए थे। पुलिस ने घायल मवेशियों को आश्रय देने के लिए आसपास की गौशाला से संपर्क किया किन्तु सभी ने जगह की कमी बताते हुए रखने से इंकार कर दिया था। इस आशय की जानकारी मिलने पर स्थानीय जीव दया आश्रम के संचालकों ने घायल मवेशियों को आश्रय देने के साथ उनके इलाज कराने का बीड़ा उठाया है।

# पर्यटकों को आकर्षित कर रहा बौद्धों का प्रसिद्ध प्रज्ञागिरी तीर्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के समीप स्थित प्रज्ञागिरी तीर्थ स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। यहां भगवान बुद्ध की 30 फिट ऊंची प्रतिमा है। इस प्रतिमा को देखने और दर्शन करने बड़ी संख्या में पर्यटक और बौद्ध अनुयायर आए दिन आते रहते हैं। लोगों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शरण में समय व्यतीत करने से आत्मबल मिलता है।

प्रज्ञागिरी तीर्थ को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत विपसना केंद्र, कैफेटेरिया सहित अन्य निर्माण किए जा रहे है जो जल्द ही पूरा होने वाले हैं। इन निर्माण के पूरा होने से पर्यटकों के लिए काफी सुविधाएं उपलब्ध होगी। ठहरने का समुचित प्रबंध होगा। विपश्यना केंद्र में ध्यान साधना करने का मौका और बौद्ध धम्म गुरुओं का मार्गदर्शन मिलेगा।

### शहर बन रहा पर्यटन केंद्र

शहर में कई बड़े धर्म स्थल है जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं यहां वर्षों पुराना मां बमलेश्वरी का मंदिर है जो दुनियाभर में विख्यात है। नवरात्र पर्व के दौरान इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसी प्रकार चंद्रगिरी में भगवान चंद्राप्रभु की प्रतिमा स्थापित है। यहां इन दिनों आचार्य विद्यासागर जी महाराज विराजमान है जिनके दर्शन करने के लिए जैन समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।



### फरवरी में होता है बौद्ध सम्मेलन

प्रज्ञागिरी तीर्थ क्षेत्र में 30 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के अलावा थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, जापान, श्रीलंका सहित अन्य देशों के धम्म गुरु और बौद्ध अनुयायी शामिल होते हैं। सम्मेलन के माध्यम से बौद्ध धम्म को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने बताया कि प्रज्ञागिरी बौद्ध तीर्थ स्थल में प्रसाद योजना के अंतर्गत विपासना केंद्र व कैफेटेरिया सहित अन्य निर्माण प्रगति पर है। इन निर्माण के पूर्ण होने से पर्यटकों को ठहरने, खाने आदि की पर्याप्त सुविधा मिलेगी। धम्म गुरुओं के रुकने की व्यवस्था होगी। श्री खांडेकर ने बताया कि प्रज्ञा गिरी के विकास के लिए और भी प्रोजेक्ट पर तैयारी चल रही है जिसमें रोपवे, लैंडस्कैपिंग जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

परिवहन नहीं होने से सूख रहा धान

# अब तक खरीदी केन्द्रों में पहुंचा 50% धान, परिवहन सुस्त

## कई सोसाइटियों में खरीदी बंद होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

यह सप्ताह किसानों के लिए खास रहा। सोमवार से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है जिससे किसान काफी उत्साहित है। जो किसान पूर्व में धान बेच चुके है वह भी टोकन लेकर अतिरिक्त धान बेचने पहुंच रहे हैं। इस सप्ताह छोटे किसान एक- दो कट्टा या एक दो क्विंटल का धान का टोकन लेकर बेचने पहुंचे।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु हुए दो माह हो चुका है। दो माह में करीब सात दिन खराब मौसम ने खरीदी बंद रही। बीते दो माह में टारगेट का आधा धान ही बिक पाया। टारगेट पूरा करने शेष पचास फीसदी धान को एक माह में खरीदने है जो एक बड़ी चुनौती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि विभाग द्वारा प्रतिदिन जो लिमिट तय कर रहा है उससे टारगेट का पूरा होना असंभव है। लिमिट को बढ़ा कर परिवहन चुस्त कर दिया जाता है तो केन्द्रों को टारगेट पुरा करने में आसानी होगी।

### परिवहन को लेकर परेशानी

धान खरीदी शुरु होते ही केन्द्रों द्वारा परिवहन की मांग लगातार किया जा रहा है पर दो माह बाद भी परिवहन व्यवस्था में चुस्ती देखने नहीं मिल रही है। केन्द्रों में धान की आवक के हिसाब से परिवहन काफी पीछे है। सण्ड़ी, ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र में अगर धान उठाव नहीं हुआ तो सोमवार से धान खरीदी बंद होने की आशंका है। इसी प्रकार मोहगांव, पैलीमेटा, बुन्देली, विचारपुर, कुकुरमुड़ा अतरिया उपार्जन केन्द्र परिवहन व्यवस्था को लेकर काफी परेशानी है।



### पांच से सात सौ ग्राम तक सूखत

अधिकांश केन्द्रों में अब भी परिवहन व्यवस्था सुस्त है। कुछ केन्द्रों मे धान का उठाव बेहतर है। पता चला है कि अधिकांश केन्द्र में प्रति कट्टा पांच से सात सौ ग्राम तक सूखत आ रहा है। मतलब प्रति क्विंटल एक किलोग्राम का शार्टेज केन्द्रों को सहना पड़ रहा है। केन्द्रों में डेढ़ माह पहले खरीदे गए धान का तौल करने पर पांच से सात सौ ग्राम का वजन कम आ रहा है जिसके चलते लगातार धान के उठाव की मांग की जा रही है।

### कहां कितनी खरीदी

बीते दो माह में ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र में 35454, कुकुरमुड़ा में 31185, विचारपुर में 41847, बुंदेली 35512 क्विंटल धान की खरीदी हुई है जो टारगेट का आधा है। इसी प्रकार सण्ड़ी, मोहगांव, पैलीमेटा में भी टारगेट का पचास फीसदी धान खरीदा गया है। धान खरीदी के लिए मिलर्स द्वारा बारदाना गुणवत्ताहीन उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को जैसे तैसे बारदाना में धान भर कर तौलना पड़ रहा है। बारदाना काफी फटे पुराने होने से धान गिरते नजर आता है। मार्कफेड ने भी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया है।

# सामाजिक बहिष्कार की एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर के वार्ड 21 में एक परिवार को प्रताड़ति करने और दंड स्वरूप राशि वसूलने के बाद बहिष्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ति परिवार के मित्रदेव कंडरा ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की है। शिकायत के बावजूद अभी तक उसे न्याय तो नही मिला लेकिन पीड़ति परिवार के खिलाफ लडाई झगडे और मारपीट की झूठी शिकायत कर कुछ लोगों द्वारा दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आवेदक मित्रदेव कंडरा पिता स्व. जीवनलाल कंडरा ने आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन दादी गीता बाई के नाम से है, जिस पर उसके पिता स्व. जीवन लाल कंडरा एवं उनके बडे भाई स्व. राधेकिशन कंडरा के पुत्र बसंत कंडरा एवं मुकुंद कंडरा ने अधिकार जमाते हुए मकान निर्माण किया। उनके मकान की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया है साथ ही मारपीट करते हुए अपराधिक मामला दर्ज कराया।यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होने बताया कि इसी मामले को लेकर 25 हजार का जुर्माना कर 15 हजार ले लिया गया है। अब 10 हजार के अलावा 3 हजार अतिरिक्त मांगा जा रहा है। राशि नही देने पर बहिष्कृत कर दिया गया है।

### सर्व सेन समाज दुर्ग संभाग की बैठक आज

**राजनांदगांव।** सर्व सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन की अध्यक्षता में कल 30 दिसंबर को सर्व समाज भवन क्लब चौक बसंतपुर वार्ड क्र. 42 में सुबह 11.30 बजे से दुर्ग संभाग की बैठक आयोजित किया गया है। जिसमें दुर्ग संभाग के अंतर्गत सात जिले दुर्ग, कवर्धा, राजनांदगांव, मोहला, मानपुर, खैरागढ़, बेमेतरा और बालोद के सभी जिलाध्यक्ष अपनी जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारियों के साथ अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। जिला सेन समाज राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य ने कहा कि दुर्ग संभाग की बैठक में प्रांत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव, प्रांतीय निर्वाचन मुख्य अधिकारी के साथ प्रांत पदाधिकारी, कार्यकारिणी का मार्गदर्शन सभी सात जिलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। श्री शांडिल्य ने जिला पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण, कार्यकारिणी के साथ सम्मानित सदस्यगण, वरिष्ठजनो को बैठक में समय पूर्व पहुंचने का आह्वान किया। जिला मीडिया संयोजक इंद्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि बैठक का संचालन जिला संयोजक देवशरण सेन, व्यवस्था की जिम्मेदारी जिलामंत्री अनुप श्रीवास, मातृ शक्ति की जिम्मेदारी निशा सेन, भोजन व्यवस्था सेलून संघ अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, कार्यक्रम व्यवस्था जिला संयोजक अनिल कौशिक तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए मोती श्रीवास, गणेश कौशिक और आदित्य को सौंपा गया है।

# सरकारी बोर का निजी उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़


- पालिका की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल
- लोगों को नहीं मिल रहा सुविधाओं का लाभ

पेयजल सुविधा के नाम पर बोर खनन एवं टंकी लगाने के नाम पर लाखों रूपए शहर के विभिन्न वार्डों में खर्च किया गया है किन्तु इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। शासकीय बोर का एक कांग्रेसी नेता निजी उपयोग कर रहा है। पुराने बोर की मरम्मत कर नये बोर खनन के नाम से फर्जी राशि आहरण कर लिया गया है। पानी टंकी के साथ वाटर कूलर खरीदी में भी फर्जीवाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है पार्षद निधि से कराए गए कार्यों को 30 से 40 प्रतिशत तक कमीशन वसूल किया गया है। अधिकारियों व इंजीनियर ने बिना भौतिक सत्यापन किए ही भुगतान कर दिया। नरसिंग वार्ड नं. 12 में पिछले वर्ष से पानी टंकी और वॉटर कूलर लगाया गया है किन्तु अब तक कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। दिलीप बिंदल ने आरोप लगाया है कि पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है। पालिका के प्रभारी सीएमओ रितेश स्थापक ने कमीशन के आरोप को नकारते हुए बताया कि नरसिंग मंदिर के पास पानी टंकी निर्माण अपूर्ण है। उन्होने कहा कि काम पूर्ण होने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।



# किराना दुकान से हुई नकदी-सामान की चोरी

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कृतबांस में अज्ञात चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक किराना की दुकान से कुल 10 हजार 355 रूपए नगदी एवं समानों पार कर दिया है। दुकान संचालक शिवकुमार पटेल पिता मीनालाल पटेल निवासी कृतबाँस ने गंडई थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाया है। शिवकुमार ने बताया है कि घर के सामने उसकी किराना दुकान है। रोज की तरह 26 दिसंबर को रात्रि 9 बजे दुकान बंद कर घर में सो गया था। दूसरे दिन सुबह उसे दुकान का ताला कुंडी सहित उखड़ा मिला। अंदर जाकर देखा तो दुकान से एलईडी टीवी, डीटीएच रिसीवर, नगदी 4 हजार एवं सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दिया है।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

शिविर में दीया योजनाओं की जानकारी

# हर वादा पूरा करेगी सरकार: ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

धमधा ब्लॉक के अधीन आने वाले ग्राम बड़े टेमरी में विधायक ईश्वर साहू क़े आतिथ्य में हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई किया और पांच छः माह क़े शिशुओ का अन्न प्रासन्न कराया गया। मितानिनों का सम्मान किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत का विजन क़ो चल चित्र क़े माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर विधायक साहू ने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया है उसे पर अमल किया जाएगा। सरकार ने धान का बोनस किसानों को दे दिया है। इस मौके पर ललिता हरमुख, अंजु टांडेकर, नीलकुमारी, ऋषि हरमुख, पवन शर्मा, सूरज देशमुख, झम्मन देशमुख, उमेश हरमुख, निजेन्द्र बारले, चितरंजन निषाद, बलराम हरमुख, नकुल साहू, मनोहर हरमुख, पीएस ठाकुर, शीतल ठाकुर, रमेश हमुख आदि उपस्थित थे। संचालन प्रधान पाठक देवनाथ साहू ने किया।

### रसोई गैस चूल्हा का वितरण

**डोंगरगांव।** छुरिया ब्लाक के ग्राम गुंडरदेही में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेन्द्र कुमार साहू थे। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार योजना बनाकर लाभन्वित कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों को सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण किया गया। युवाओं व छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिरदेराम चंद्रवंशी, सरपंच रमेश पिस्दा, राधेलाल जोशी, राजू गिरी गोस्वामी, युपेश साहू सहित अधिकारी- कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम व कश्यप से प्रतिनिधियों ने की भेंट

**राजनांदगांव।** आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने 23 दिसंबर को आदिवासी समाज के नवनियुक्त मंत्री रामविचार नेताम एवं केदार कश्यप से राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रतिनिधियों द्वारा समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर खासकर छात्रावास एवं विद्यार्थियों से जुड़े विषयों पर मंत्रियों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान डीआर आचला, चंद्रेश ठाकुर, कदम सिदार, ओमप्रकाश मेरावी, राजेन्द्र दीवान, भूपेन्द्र मंडावी एवं नंदकिशोर अमरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### 24 लोगों ने लिया आजीवन सदस्यता

**मोहला।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 24 लोगों ने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता लिया है। इनमें डॉ आर आर धुर्वे, विनोद लाल यादव, श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, आशीष घीया, संजय लाटा, दिनेश ताम्रकार, गौरव कपड़ा दुकान, राजेश जैन, नागेंद्र गिरी, शिव चंद्र जैन, नरेंद्र कुमार यादव, संतराम रामदेव, मनीष साहू, विक्रम कुमार सोनी, तेजपाल खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल, हितेश ठक्कर, बंटी खंडेलवाल, राजेश घीया, बीमा तुलसानी, गुणसागर रामटेके, पप्पू भाटिया, शोभा शंकर त्रिपाठी, विसन देवांगन ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता लिया है।

### बॉलीबॉल स्पर्धा में स्टेट स्कूल ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** वेसलियन इंग्लिश मिडियम स्कूल में आयोजित बॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में वेसलियन स्कूल एवं स्टेट स्कूल के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें स्टेट स्कूल के बच्चों ने वेसलियन स्कूल को हराकर फाइनल मैच में जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में मयंक मेश्राम, रोहन मेश्राम, संजय निषाद, धनेश मंडावी, रितेश यादव, कोविद यादव एवं हेम कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच जीतने पर स्कूल के प्राचार्य श्री पट्टा एवं समस्त स्टॉप तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी ऊषा चटर्जी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक सुनील नागदौने द्वारा दी गई।

### झिंझारी में मानस गान प्रतियोगिता आज से

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत झिंझारी में दो दिवसीय मानस गान एवं



व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह प्रतियोगिता 30 और 31 दिसम्बर को होगी। कार्यक्रम में विभिन्न मानस मंडलियां प्रस्तुती देंगी। ग्रामीणों ने उपस्थित होने की अपील की है।

## नवीन तकनीक का उपयोग करके दिखाया गया

# ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम स्तर पर किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी आयोजित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम रगरा एवं केसला में ड्रोन के माध्यम से फसल में नैनो यूरिया छिड़काव करके नवीन तकनीक से प्रदर्शन किया गया। ग्राम रगरा के कृषक टिकेश्वर वर्मा के खेत में लगी फसल में यूरिया घोल का छिड़काव करके नवीन तकनीक से किसानों को उपयोग करके दिखाया गया। कार्यक्रम में ड्रोन से उर्वरक छिड़काव आकर्षण केन्द्र बना रहा जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे तथा नवीन तकनीक उपयोग को किसानों ने सराहा।



### कुछ ही मिनटों में एक एकड़ खेत में छिड़काव

अनुविभागीय कृषि अधिकारी खैरागढ़ श्री डहरिया द्वारा बताया गया कि फसल में नैनो यूरिया उपयोग एवं ड्रोन से छिड़काव बहुत उपयोगी है जिससे कम मात्रा, कम समय, कम लागत में उर्वरक का छिडकाव फसलों में आसानी से किया जा सकता है ड्रोन के माध्यम से महज कुछ ही मिनटों में एक एकड़ खेत में छिडकाव करने के लिए सरल एवं उपयोगी है। ड्रोन से कीटनाशक, तरल उर्वरक, फफूद नाशक एवं अन्य तरल का छिड़काव करने के लिए उपयोगी है तरन उर्वरकों का फसलों में छिड़काव करने से किसान अपनी फसलों की उत्पादन एवं पैदावार बढ़ा सकते है। यह ड्रोन का प्रदर्शन जिले के पूरे ग्राम पंचायत में किया जायेगा तथा इसके उपयोग से किसानों को अवगत कराया जावेगा।

### जिला यादव का महाधिवेशन अब 30 जनवरी को

**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया अधिवेशन का भव्य आयोजन अब 14 जनवरी के स्थान पर 30 जनवरी को स्थानीय गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में किया जाएगा। गत दिनों महाधिवेशन की तैयारी में नगर इकाई कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की सामाजिक बैठक जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में सभी वार्ड प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में जिला संरक्षक केआर यादव ने जिला कोसरिया महाधिवेशन की रूपरेखा से अवगत कराते अधिकाधिक संख्या में सामाजिक बंधुओ की सहभागिता का आह्वान किया। महाधिवेशन में विशेषकर युवक-युवती परिचय सम्मेलन में विधवा-विदुर तथा परित्यागता युवक-युवतियों को भी प्राथमिकता दिया जाएगा। इसी मंच में समाज के विशेष क्षेत्र में ख्याति प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। नगर अध्यक्ष महेश यादव ने उपस्थित गौंटियागणों का आभार व्यक्त किया और महाधिवेशन को सफल बनाने सहयोग देने की अपील की। महाधिवेशन की तैयारी में बैठक का सिलसिला जिला तहसील सर्किल व नगर स्तर में चल रहा है। जिला की आगामी बैठक 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय कौरिनभाठा में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला, तहसील, सर्किल, नगर इकाई के समस्त पदाधिकारीगण अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देंगे।

# संगीत विवि में विकसित भारत पर कार्यक्रम

- कला-संस्कृति के साथ बेरोजगारी, सुरक्षा पर भी अभिव्यक्त हुए युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में विकसित भारत 2047 वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम अंतर्गत कुलसचिव प्रो.डॉ. नीता गहरवार की अध्यक्षता में परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें विवि के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

युवाओं ने अपने विचारों से अवगत कराया कि जब भारत की स्वतंत्रता को सौ वर्ष पूरे हो रहे होंगे, तब वह कला, संस्कृति, परंपरा, शिक्षा, सुरक्षा, पर्यावरण, रोजगार आदि विभिन्न सामाजिक विषयों के संदर्भ में विकसित भारत के कैसे स्वरूप की कल्पना करते हैं। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. देवमाईत मिंज अधिष्ठाता छात्र-कल्याण ने विकसित भारत @ 2047 वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम के महत्व और उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी जिसके बाद परिचर्चा मे शामिल विद्यार्थियों को 3-3 मिनट का समय देते हुए विचार अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रित किया गया। विभिन्न विभागों में अध्ययनरत अलग-अलग राज्यों के मूल निवासी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विकसित भारत पर अपना अपना विचार रखते हुए कई सम-सामयिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए शिक्षा, सुरक्षा, कला, संस्कृति, परंपरा, बेरोजगारी, पर्यावरण आदि अनेक सामाजिक विषयों पर मुक्त और स्वतंत्र स्वर में अपनी अभिव्यक्ति दी।

### विचारों को साझा करने किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में प्रभारी कुलसचिव प्रो. डॉ. नीता गहरवार, अधिष्ठाता प्रो डॉ काशीनाथ तिवारी, प्रो डॉ राजन यादव, प्रो डॉ नमन दत्त, डॉ योगेंद्र चौबे ने भी अपने संबोधन मे विद्यार्थियों को विषय की जानकारी दी तथा देशहित में अपने विचारों को साझा करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रो डॉ मृदुला शुक्ल, डॉ. लिकेश्वर वर्मा, डॉ. दीपशिखा पटेल, डॉ दिवाकर कश्यप, डॉ हरिओम हरि, विवेक नवरे, कपिल वर्मा, डॉ आशुतोष चौरे, असिस्टेंट रजिस्ट्रार राजेश गुप्ता, विजय सिंह, डॉ बिहारी तारम, डॉ नत्थू तोड़े, डॉ परम आनंद पांडेय, डॉ शेख मेदिनी होंबल, डॉ विकास चंद्रा, डॉ कौस्तुभ रंजन, डॉ अजय पांडेय, डॉ. मंगलानन्द झा, डॉ. शिवाली सिंह, कपिल वर्मा, डॉ सुशांत दास, डॉ जे मोहन, प्रबोध गुप्ता, मुकेश भट्ट, जन सम्पर्क अधिकारी विनोद डोंगरे सहित रागिनी सिंह, बालेंदू मिश्र, सप्तर्षी मंडल, श्रेयषी बिस्वास, वेणुप्रिया, सूर्यांजलि झा, मोनालिसा मजूमदार, रागेश्री दास चौधरी, जयश्री साहू, मोहित राणा, डेविड सोलंकी और सोनल बागडे मौजूद थे।

# वीर बाल दिवस सम्मान समारोह आयोजित

- उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा वीर बाल दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के खिलाड़ियों के अतिरिक्त अन्य खिलाड़ियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खिलाड़ी कुमार शिबु, अथर्व प्रताप सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, अभिषेक यादव, हिमांशु मलिक, नंदिनी प्रधान, अंकिता गुप्ता, अंजनी, मौली मंडावी, एवं सिमरन डोंगरी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर इन खिलाड़ियों का पंजीकरण माई भारत खेलो इंड़िया वेब पोर्टल पर भी किया गया। इन खिलाड़ियों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित करने के पश्चात इन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव की सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। इन खिलाड़ियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव के आवासीय योजना के खिलाड़ियों से भेंट कर उनसे उनकी खेल उपलब्धियों की जानकारी हासिल की एवं साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं स्टाफ के साथ लंच भी किया। कार्यक्रम के पूर्व में साई के खिलाड़ियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई।



यह आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सभी नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस एवं उनके विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित कर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की धर्म की रक्षा के लिए किये गये सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धा से मनाया गया।

### 8 ग्राम पंचायत में आज होगा संकल्प यात्रा शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 30 दिसंबर को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत केसला, व ग्राम पंचायत कोरचाटोला में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत सांगली व ग्राम पंचायत खुर्सीटीकूल में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत टोहे में 9 बजे से एवं परालझरी में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत कंदाड़ी में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत रामगढ़ में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

# धान खरीदी को लेकर प्रदेश सरकार का आदेश क्रांतिकारी कदम : विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व



जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने चालू खरीफ सत्र से किसानों से धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान खरीदी के लिए नवगठित विधानसभा के पहले ही सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया है और अपने वादे के मुताबिक धान खरीदी करने पर भाजपा की प्रदेश सरकार पर 11,800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। विक्रांत सिंह ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण उन्नति की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इस निर्णय से किसानों की उपज का दाना-दाना खरीदकर अन्न का सम्मान प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। इतना ही नहीं, किसानों को उनकी उपज का पूरा भुगतान एकमुश्त होगा। जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि अब धान खरीदी से पहले ही बारदानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

### अनूपूरक बजट खेदजनक

विधायक यशोदा वर्मा ने बीते दिनो विधानसभा की पटल मे पेश अनुपूरक



बजट पर खेद प्रकट करते हुए सदन को कमियां बताई। अपने अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में बजट पर संशोधन के लिए आग्रह करते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि अनुपूरक बजट मे बिजली बिल हाफ को लेकर कोई उल्लेख नही है। वनांचल क्षेत्र के रहवासियो के लिए वन अधिकार पट्टा, सडको के साथ पुल पुलियो के निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओ मे विस्तार, भूमिहीन किसान को सालाना सात हजार रूपए देने, स्कूली बच्चो के लिए निशुल्क शिक्षा का कोई प्रावधान नही किया गया है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि बजट मे नए जिले के विकास को लेकर कोई स्पष्ट बात नही की गई है, विधानसभा क्षेत्र मे सीएम सडक योजना के अलावा किसानो का दो लाख कर्ज माफ और बोनस साथ ब्याज देने की बात नही की गई है। उन्होने अनुपूरक बजट को खेदजनक बताते हुए अपने अभिभाषण मे इसमे संशोधन की मांग की है।

# उल्टा मंत्र जपने से मंत्र की ताकत कई गुना बढ़ जाती है

**राजनांदगांव।** श्री चन्द्रमौलेश्वर भगवान महाकाल की शान में विकास नगर (लखोली) में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में आज कथा शास्त्री पं. ईश्वरचन्द्र व्यास ने कथा में उल्टामंत्र जपने की ताकत बताई व कहा कि शिव मंदिरों के पूजा के अंत में रूद्राष्टक का पाठ रोज किया जाना चाहिए। इससे भगवान शिव जल्द ही प्रसन्न हो जाते है।

महाराज ने उल्टा मंत्र जपने के संबंध में कहा कि इससे मंत्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। गोस्वामी तुलसी दास ने महर्षि वाल्मीकि के संबंध में कहा कि उल्टा मंत्र जप जग जाना वाल्मिकी भय ब्रहम समाना.कहा है। महराज ने बताया कि बौद्ध धर्म को निश्तेज करने वाले आदि शंकराचार्य विष्णु सहस्त्र नाम के परम उपासक थे। वे भी इसका उल्टा पाठ कर शक्ति अर्जित की थी। विनोबा भी विष्णु सहस्त्र नाम का नित्य प्रातः पाठ किया करते थे। संत तुकाराम महराज ने तो एक लक्ष विष्णु सहस्त्र नाम का उल्टा व सीधा दोनों तरह से पाठ किया। उसके अंत समय में उसे लेने भगवान विष्णु के वाहन गुरूड़ जी पहुंचे। महाराज ने बताया कि महाराष्ट्र में बारकरी भजन गायन की परम्परा है। इसमें बड़े-बड़े



मंजीरो के साथ भजन गया जाता है। संत तुकाराम गरूड़ में चढक़र विष्णु लोक जाने को हुए तो आकाश में पहुंचते ही उक्त मंजीरों को नीचे की ओर फेंका। वह मंजीरा आज भी वहां मौजुद है। संत मध्याचार्य पहले सीधा तथा बाद में विष्णु सहस्त्र नाम का उल्टा पाठ करते थे। महाराज ने गायत्री मंत्र के सम्बंध में ऐसा ही बताया। इसका एक करोड़ पाठ किया जाना चाहिए। इससे वेद माता गायत्री की कृपा अनुकंपा बरसती है। उक्ताशय की जानकारी आयोजनकर्ता राजेश डागा ने दी।

# युगांतर के 3 विद्यार्थी करेंगे छग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते राष्ट्रीय स्तर शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। इन विद्यार्थियों में उपेंद्र मरकाम (अंडर-19) तथा उज्ज्वल मरकाम (अंडर-14) राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता हैदराबाद में जनवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। इसी तरह प्रथम गोयल (अंडर-14) राष्ट्रीय शालेय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह अहमदनगर महाराष्ट्र में आयोजित होगी।

उल्लेखनीय है कि उपेंद्र और उज्ज्वल दोनों ही राजनांदगांव व राज्य के लिए खेलते पिछले कई प्रतियोगिता से अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। ज्ञात हो कि ये दोनों सगे भाई हैं। दोनों भाई हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा,



निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव, क्रिकेट कोच संतोष यादव सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट व जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## कलकसा में घासीदास जयंती एवं मंडई आयोजित

# घासीदास जयंती, हर्षिता बघेल और विप्लव ने की 7 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ग्राम पंचायत कलकसा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य में बाबा गुरु घासीदास जयंती और मंडई मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे थे। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुरली सिंह वर्मा, सरपंच चतुर पाल, ग्राम पटेल ईश्वर कुर्रे, डॉ मिथलेश साहू, सुभान बेग, और सतनामी समाज के तहसील अध्यक्ष टीकम बंजारे तहसील थे। डॉ एसएल कुर्रे ने जयंती कार्यक्रम मे मौजूद अतिथियों



का स्वागत करते हुए ग्रामीणों की तरफ से आवाजाही में असुविधा को देखते हुए कलकसा से बलदेवपुर सड़क निर्माण की मांग रखी। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर दामरी को गांव से विपरीत दिशा में 8 किलोमीटर दूर बताते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की आवश्यकता बताया वहीं कुतुम्ब मीनार आकृति जैत खंभ की निर्माण की मांग की।

### जताया आभार

मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल ने निर्वाचन के लिए सबका आभार व्यक्त करते हुए और आने वाले समय में कलकसा खुर्सीपार चौक मार्ग की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया और गांव में जैतखाम निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। स्थानीय जिपं सदस्य विप्लव साहू ने कलकसा के विकास को लेकर जिपं निधि से 2 लाख की घोषणा करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि आपके सेवक हैं, सुख-दुख के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य की दिशा में कार्य और प्रयास करते रहना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** सिखों के दसवें गुरु , गुरु गोविंद सिंह जी के साहब जादो बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत



को नमन करते हुए जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का सफल आयोजन डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए हुए छात्र और छात्रा प्रतिभागी के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।जिसमें भाषण ,निबंध, पोस्टर, प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता गतिविधियों में विभिन्न विधाओं का सफल आयोजन किया गया। प्रत्येक विधाओं के लिए निर्णायक समूह का गठन किया गया था और इन निर्णायक समूह के द्वारा दिए गए निर्णय उपरांत प्रतियोगिता में सफल प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, किशन यदु, आशीष डोंगरे, शिव वर्मा,चितलांगिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रतिवेदन सहायक संचालक आदित्य खरे के द्वारा वाचन किया गया तथा इस संपूर्ण कार्यक्रम में सहायक जिला परियोजना अधिकारी पीसी मरकले और जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे की अग्रणी भूमिका रही।

# केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने किया कृषि कॉलेज का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वैज्ञानिकता को बढ़ावा देने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। पीएम श्री योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों में कृषि के प्रति रुचि व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए कृषि महाविद्यालय छुईखदान का भ्रमण कराया गया।

प्राचार्य सत्यनारायण रेड्डी मल्ला व प्रधान पठिका संजुलिका जेम्स, वाणिज्य शिक्षक राधेश्याम के नेतृत्व में विद्यार्थियों को कृषि में की जा रही नई फसल व आधुनिक तकनीक के साथ-साथ कृषि महाविद्यालय में विभिन्न प्रयोगशालाओं जैसे कीट प्रयोगशाला, मृदा प्रयोगशाला आदि का भ्रमण कराया गया और महाविद्यालय में मुनगा, चाँवल आदि पर चल रहे अनुसंधान के विषय में शोधपरक जानकारी दी गई। महाविद्यालय में उन्नत प्रकार के बीज किस तरह विकसित किए जाते हैं तथा आधुनिक औजारों का उपयोग कृषि में कैसे किया जाता है इसकी जानकारी दी गई। वैज्ञानिक तकनीक को देखकर विद्यार्थी जिज्ञासु बने रहे वहीं हाइब्रिड तकनीक से चाँवल व गेहूं की खेती का भी अवलोकन किया गया। चांवल की 25 सौ से उपर की संकरित प्रजातियो सहित छत्तीसगढ़ की 36 प्रकार की भाजियों के बारे में भी बच्चो ने जाना।

### छात्रों ने ली जानकारी

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पोस्टर व रंगोली बनाया गया था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कृषि में मृदा के महत्व के साथ ही मृदा पर चल रहे हैं शोध के विषय में भी जानकारी ली वही ईसी मीटर, पीएच मीटर, एयर ओवर, अनुमापन इकाई सहित अनेक उपकरणों के प्रयोग के और कीट विज्ञान की जानकारी प्राप्त कर प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी जिज्ञासा से अभिभूत रहें और विद्यालय के शिक्षकों सहित कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व वैज्ञानिक व्याख्याताओं ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## सार समाचार



### आयुर्वेदिक महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह

**राजनांदगांव।** सुंदरा स्थित महावीर आयुर्वेदिक महाविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विधायक धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के चेयरमैन नेमीचंद पारख, डीन डॉ. एसके नंदा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नौशाबा खान सुपुत्री शाहिद भाई महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को डॉक्टर की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाईन बेंच खेल में आरक्षक सितलेश को कांस्य पदक

**राजनांदगांव।** 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंक लाईन बेंच खेल में



आरक्षक सितलेश पटेल को दो कांस्य पदक पुरस्कार प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा आरक्षक सितलेश पटेल को हैदराबाद के लालबहादुर स्टेडियम में आयोजित 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंकलाईन बेंच खेल में तृतीय स्थान प्राप्त कर 2 कांस्य पदक प्राप्त करने पर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते उन्हें बधाई दिए।

#### तीन सौ खिलाड़ियों ने लिया था भाग

इस प्रतियोगिता में विश्व के अनेक देशों के करीब 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सितलेश पटेल द्वारा 76 किलो वजन वर्ग में इंकलाईन बेंच और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग खेलते 500 किलो वजन उठाकर 2 कांस्य पदक हासिल किए हैं, जो छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है। राजनांदगांव पुलिस के लिए यह अत्यंत हर्ष का क्षण है।

### कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन

**राजनांदगांव।** शहर के दीवानपारा में इन दिनों रजक परिवार द्वारा अपने



पूर्वजों की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा छुरिया भोलापुर से पहुंचे भगवताचार्य पं. प्रेमप्रकाश पांडे के मुखारविंद से किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण का आनंद उठा रहे है। सात दिनों तक चलने वाली इस भागवत कथा के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए। इस मौके पर भगवताचार्य पं. प्रेमप्रकाश पांडे ने श्रीमद् भागवत की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है। ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते वनवास में तपस्या करते भगवान को प्राप्त किया। इस दौरान प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, रुकमणी विवाह, सुदामा चरित्र के बाद हवन पूजन के साथ भागवत कथा का समापन 2 जनवरी को किया जाएगा।

### आयोजकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज परशुराम भवन राजनांदगांव



द्वारा 21 से 25 दिसंबर तक तुलसी विहार टर्फ बाक्स क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें पंचोली ब्रदर्स विजेता और शर्मा ब्रदर्स उपविजेता रही थी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में शामिल टीमों के अलावा आयोजन को सफल बनाने वाले टीम ओनर गौरव पंचोली पंचोली ब्रदर्स, शर्मा योद्धास प्रशांत शर्मा, परशुराम हिटर्स जितेन्द्र शर्मा, बालाजी सुपर किंग मनीष शर्मा, पुरोहित रायल संतोष पुरोहित, शक्ति टाईटन्स अभिषेक जोशी के अलावा प्रथम बार आयोजित की गई। रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान करने वाले सक्रिय सहयोगी लक्की शर्मा, वैदिक पुरोहित, ईशान शर्मा, मोहित शर्मा, प्रणव शर्मा, कपिल शर्मा, विनायक शर्मा को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं आयोजन को सफल बनाने वाले सहयोगी डॉ. मिथलेश शर्मा, गणेश प्रसाद शर्मा, जुगलकिशोर हट्टिका, मौसमी शर्मा, ममता शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

### सीजी टैलेंट ओलंपियाड क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित

**जालबांधा।** दिव्य समागम पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में



सीजी टैलेंट ओलंपियाड क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य हमारे ग्रामीण परिवेश के बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ आने वाले समय में जो बड़ी-बड़ी प्रतियोगिता परीक्षा शासन द्वारा आयोजित किए जाते हैं, उससे जोड़ना था, ताकि बच्चों में आत्मविश्वास बना सके और ओएमआर सीट भरना सीखा सकें। यह परीक्षा शा.उ.मा.विद्यालय जालबांधा में 25 दिसंबर को संपन्न हुआ। दिव्य समागम पब्लिक वेलफेयर के अध्यक्ष मिथलेश देवागंन ने बताया कि इस महापरीक्षा को सफल बनाने फाउंडेशन के सदस्य करीब एक माह से तैयारी में जुटे थे, तब कहीं जाकर यह परीक्षा सफलतापूर्वक सपन्न हुआ। इस महापरीक्षा में करीब 447 बच्चे पंजीकृत हुए। जिसमें 443 बच्चों ने परीक्षा में उपस्थित होकर अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया। फाउंडेशन के अनुसार इस परीक्षा का परीक्षाफल 1 जनवरी को घोषित किया जाएगा एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### कलेक्टर ने टीम को हेलमेट पहनने किया प्रोत्साहित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने गत दिनों कलेक्टोरेट में मेरा परिवार हेलमेट परिवार अभियान अंतर्गत जिला पंचायत की टीम को हेलमेट पहनने प्रोत्साहित करते रवाना किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि हेलमेट के माध्यम से जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय सभी को हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता लाएं और सभी को वाहन चलाते समय सावधानी के लिए हेलमेट पहनने प्रेरित करें। इस दौरान जिला अमित कुमार, नवीन प्रताप सिंह तोमर, अभिषेक गुप्ता, अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियों की बैठक

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डोमन सिंह ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों से संबंधित लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आदिम जाति कल्याण विभाग, नगरीय निकाय सहित अन्य निर्माण विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर सिंह विभिन्न विभागों में कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीकृत प्रगतिरत निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सहित अन्य निर्माण संबंधी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर सतत निगरानी रखते निर्माण कार्यों को पूर्ण करने कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता सहित निर्माण से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर परियोजना आईसीडीएस राजनांदगांव (शहर) में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालक - बालिकाओं की बहादुरी एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला, निबंध, कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया गया एवं इस संबंध में विभिन्न जानकारियां दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों का प्रयास सराहनीय रहा, उन्हें सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, पर्यवेक्षक दिव्या तिवारी व ज्योति सिंह राठौर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकसित राष्ट्र बनाने में कांग्रेस का योगदान

- कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराकर दी सलामी

**राजनांदगांव।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना 139वें वर्ष पर 28 दिसंबर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराकर सलामी देकर स्थापना दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले ''हैं तैयार हम'' विशाल राष्ट्रीय महारैली में शामिल होने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना के 139वें वर्ष पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार 28 दिसंबर को स्थानीय कांग्रेस भवन में सर्वप्रथम पूज्य महात्मा गांधी के तैलचित्र पर फूलमाला माल्यार्पण कर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा कांग्रेस पार्टी का ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि आज कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस हम सब मना रहे हैं।

हमें गर्व होता है कि हम उस कांग्रेस संगठन के सिपाही हैं, जिनके त्याग और बलिदान से भारत देश आजाद हुआ और आजादी से लेकर विकसित राष्ट्र बनाने कांग्रेस समर्पित होकर आगे बढ़ी और समग्र विकसित राष्ट्र बना। इसी तरह आज सेवादल के 100 वर्ष पूरे होने पर सभी कांग्रेसजनों को बधाई देता हूं। तत्पश्चात शहर अध्यक्ष छाबड़ा की अगुवाई में नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित ''हैं तैयार हम'' विशाल राष्ट्रीय महारैली में शामिल होने जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसी बस व विभिन्न वाहनों में रवाना हुए।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, ज्ञानचंद बाफना, महेन्द्र शर्मा, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अतुल शर्मा, सिद्धार्थ डोंगरे, मदन साहू, इशाक खान, खिलेश्वर बंजारे, घासी सिन्हा, नासिर भाई, मनीष साहू, महेश साहू, दीनू साहू, विजय अग्निहोत्री, अर्जुन सिंह, मोहम्मद रफी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### कृष्ण लीला...



**राजनांदगांव।** श्री राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान श्रीधाम वृंदावन व श्री युगल उपासक उत्सव मंडल द्वारा तीन दिवसीय श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया।

### गंधरी में 31 को मंडई

**जेवरतला रोड।** ग्राम गंधरी (औंरी) में 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में रंग छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक संस्था सुरगी राजनांदगांव वालों की प्रस्तुति होगी यह जानकारी गांव के दीपक निषाद ने दी।

## नारी चौपाल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं में विधिक जागरूकता के लिए परियोजना आईसीडीएस राजनांदगांव (शहर) में नारी चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाआं को घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, आपातकालीन नंबर 181 सहित अन्य विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही इस संबंध में शार्ट मूवी का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और पुरस्कार वितरण किया गया।



कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, नवा बिहान से विद्या मिश्रा, सखी वन स्टॉप सेंटर से गायत्री साहू, पर्यवेक्षक सुनीता सोनपिपरे, आस्था शर्मा, पर्यवेक्षक ज्योति सिंह राठौर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक आशा मेश्राम द्वारा किया गया।

### साइंस कॉलेज में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन तथा हिंदी विभागाध्यक्ष गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में हिंदी भाषा एवं साहित्य पर काव्य गोष्ठी का आयोजन 20 दिसंबर को किया गया। काव्य गोष्ठी में राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित खैरागढ़ के साहित्यकार विनय शरण सिंह, डोहड़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू, डोहड़ी साहित्य समिति के उपाध्यक्ष व व्यंग्यकार लच्छू यादव तथा देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के प्राध्यापक व युवा साहित्यकार गावस्कर कौशिक शामिल हुए।

## तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी कर रहे बेहतरीन प्रदर्शन




- राजनांदगांव की तीरंदाज अलका टॉप 1/16 रैंक में
- संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 6 खिलाड़ी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नार्थ-ईस्ट यूनिवर्सिटी जोन तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन 23 दिसंबर से पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित हो रहा है। उक्त स्पर्धा में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग एवं पं. रवि.वि.रायपुर की टीम ने भाग ली है। उक्त दोनों यूनिवर्सिटी में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 6 खिलाड़ी अलका वर्मा, चांदनी चंद्रवंशी, भूपेन्द्र सिन्हा, राहुल साहू, चंदन साहू, युगल साहू ने कड़ी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित हुए हैं।

एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त स्पर्धा में दुर्ग यूनिवर्सिटी की ओर से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी रैंकिंग राउंड में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किए। इंडियन राउंड बालिका टीम से अलका वर्मा, चांदनी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम का स्कोर 1435 बनाने में बेहतरीन सामंजस्य बनाया।

इस तरह इंडियन राउंड बालिका टीम टॉप 16 में आकर टीम मैच के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं। अब दुर्ग यूनिवर्सिटी की बालिका खिलाड़ी टीम मैच खेलेगी। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के अलका वर्मा एवं चांदनी शामिल हैं।

कोच राहुल साहू ने बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दुर्ग यूनिवर्सिटी की ओर से खेलते हुए अलका वर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते उच्च स्कोर खड़ा किया। इस तरह आल इंडिया यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में 1/16वां रैंक हासिल किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची सांकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा पहुंची। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। नन्हे बच्चों का अन्नप्रसान्न किया गया। सुपोषण अभियान अंतर्गत हरी पत्तीदार सब्जियों का महत्व बताया गया। भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने सभी को प्रोत्साहित किया गया। पौष्टिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, सोहारी, सलोनी, भजिया, नारियल लड्डू, रेडी टू इट का हलवा स्टॉल में प्रदर्शित किया गया एवं आहार में सलाद लेने प्रोत्साहित किया गया। सुपोषण कलश के माध्यम से पौष्टिक आहार लेने सभी को जागरूक किया गया। विभिन्न तरह की दाल को सजाकर सुपोषण का संदेश जन-जन तक



पहुंचाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सांकरा को ओडीएफ प्लस के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर केन्द्र शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण के संबंध में बताया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के संबंध में जानकारी देते बताया कि इस योजना के तहत माताओं को परिवार में पहले जीवित बच्चे के लिए 5 हजार रुपए की राशि दो किस्तों में एवं द्वितीय संतान बालिका होने पर एक मुस्त 6 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।


#### संदेश का वाचन

मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन हुआ। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में केन्द्र शासन की योजनाओं से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनसामान्य को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई।









**खबर संक्षेप**

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

**कवर्धा।** कवर्धा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्रों की शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनेक विधाओं में विशेष सभाएं, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर, वाद-विवाद, कविताएं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जसविंदर बग्गा, अध्यक्षता सिक्ख समाज व्याख्यता कुमारी स्मित कौर सहित गणमान्य नागरिक व शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बॉल बैडमिंटन में कवर्धा बालिका टीम को मिला सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

23वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका टीम नगर की बॉल बैडमिंटन की घोषणा की गई। जिसमें बालक वर्ग में सिद्धार्थ मीरे, सुमित ठाकुर, राहुल यादव, अथर्व मिश्रा, विराम अय्यर, बंटी चंद्रवंशी, आदित्य चंद्रवंशी, डिकेश वर्मा व रामू सिंह चयन किया गया वहीं बालिका वर्ग में कप्तान क्षमानिधि जांगड़े, आस्था ध्रुर्वे, राधा झारिया, तनु चंद्रवंशी, रामेश्वरी वर्मा, रोशनी ठाकुर, धनिष्ठा मानिकपुरी, प्रतीक्षा भाल्लवी, लता साहू व प्रीति तिवारी का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता कोरबा के आरा मिल विद्युत गृह मैदान में 25 से 27 दिसम्बर तक किया गया, जिसमे जिले की बालिका टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्तकर उपविजेता बन प्रतियोगिता जीता।

इससे पहले भी कवर्धा की बालिकाओं द्वारा लगातार अपने शानदार प्रदर्शन से कवर्धा को द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार पहला मैच कवर्धा विरुद्ध मुंगेली के बीच खेला गया जिसमे लगातार 2 सेट में 35-9 व 35-12 से कवर्धा विजयी रही, द्वितीय मैच कवर्धा विरुद्ध गरियाबंध के बीच खेला गया जिसमे लगातार 2 सेट में 35-18 व 35-13 से कवर्धा टीम विजयी रही तथा तृतीय मैच कवर्धा विरुद्ध कोरबा के खेला गया जिसमे भी कवर्धा टीम लगातार 2 सेट 35-14 व 35-12 में विजयी प्राप्त किया।

वहीं सेमीफाइनल मैच कवर्धा विरुद्ध बस्तर के बीच खेला गया, जिसमे कवर्धा बालिका ने 2 सेट में 35-19 व 35-16 से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमे कवर्धा का मुकाबला बीएसपी से हुआ जिसमें कवर्धा विरुद्ध भिलाई इस्पात सयंत्र जिसमे 3 सेट का मैच हुआ जिसमे 36-34 से बीएसपी ने पहला सेट जीत लिया दूसरा सेट 24-35 से कवर्धा ने दूसरा सेट जीता एवं तीसरा और फाइनल सेट खेला गया जिसमे 35-33 से भिलाई इस्पात सयंत्र ने 2 पॉइंट से मैच जीत कर प्रथम व कवर्धा बालिका टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### जिले के पदाधिकारियों ने बालिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी



उक्त प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया जिसमे कवर्धा से 3 बालिका जिसमें क्षमानिधि जांगड़े, तनु चंद्रवंशी व प्रतीक्षा भलावी एवं सुमित ठाकुर शामिल है, यह चयनित खिलाड़ी महाराष्ट्र में जनवरी माह में होने वाले नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य टीम से खेलेंगे। खिलाड़ियो के राज्य स्तरीय में जीत व राष्ट्रीय स्तर चयन पर जिला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, बॉल बैडमिंटन संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्राचार्य एम शारदा, प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एचडी कुरैशी, पूर्व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री महोबिया,पीटीआई दिनेश साहू, कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जयकिशन चौहान, राजा जोशी, रामू सिंह, मीरा साहू, तिजेश्वरी मेरावी व सुमित निषाद ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री ने पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार की शुरुआत, डिप्टी सीएम विजय शर्मा

# उसरवाही में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्राम उसरवाही में ग्रामीणों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत उपमुख्यमंत्री का फूल-मालाओं पहनाकर व लोक पारम्परिक राउत नाच नर्तक दलों द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। वहीं जुलूस में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा पैदल मंच तक पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उसरवाही में किसानों की तारीफ व माताओ द्वारा बनाए जाने वाला गोभी की सब्जी की तारीफ की। उन्होंने के कहा कि यहां की स्वादिष्ट गोभी की सब्जी की महक और तारीफ रायपुर तक चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार की शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि देश के तत्कालिक प्रधामनंत्री एवं भारतरत्न स्व.अटल बिहारी बाजपेयी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ का निर्माण कर छत्तीसगढ़ महतारी का सम्मान दिया है। आज हम अपने घरों में छत्तीसगढ़ का पता दे रहे है उनके जनक राज्य निर्माता स्व.अटल बिहारी बाजपेयी कारण ही सम्भव हो सका है। उन्होंने कहा कि हमने ही छत्तीसगढ़ को बनाया है और हम ही छत्तीसगढ़ को सवारने का काम राज्य के मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में किया जाएगा।





### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सौगातों की लगाई झड़ी

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने युवाओ और ग्रामीणों की मांग पर ग्राम उसरवाही में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 लाख रुपए स्टेडियम बनाने की स्वीकृति देने की घोषणा की। वहीं बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल, ईश्वरी साहू, जग्गू साहू, भुनेश्वर पटले, डॉ आनंद मिश्रा, मंगलूराम पोर्ते, हेमचंद चंद्रवंशी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष-किसान व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं की अतिरिक्त कक्षा लेकर शिक्षा दे रहे शिक्षक : राकेश सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई-कुकदूर



शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पोलमी में शिक्षक-शिक्षिकाओं की कमी होने से रसायन, अंग्रेजी, जीव-विज्ञान के छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पढ़ाई -लिखाई व विषय समझने में भारी कठिनाईयों हो रही थी, इस कारण वहां के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के कहने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक राकेश सोनी अतिरिक्त समय देकर रसायन व अंग्रेजी विषय का अध्यापन करवाते हैं।

ज्ञातव्य हो कि शिक्षक राकेश सोनी स्पोकन इंग्लिश, स्वच्छता अभियान, नवाचार शिक्षण गतिविधि, कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षण, गली-मोहल्ला शिक्षण, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि विभिन्न गतिविधि से छात्र-छात्राओं के भविष्य गढ़ने में लगातार प्रभावी कार्य किया जा रहा है। वहीं विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ में इनका टीएलएम प्रथम स्थान प्राप्त किया था, इनके मार्गदर्शन से इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम में बनाए गए मण्डल का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयन किया गया।

शाला संगवारी के तहत सात बैगा आदिवासी छात्र-छात्राओं का चयन शिक्षक के रूप में हुआ इनके द्वारा किए गए कार्य से प्रभावित होकर स्थानीय जनभागीदारी समिति, जनपद सदस्य, सरपंच सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पूर्व विधायक पंडरिया, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग सदस्य, उत्कृष्ट विधायक छत्तीसगढ़, जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया द्वारा इन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान दिया जा चुका है।

## राम मंदिर का आमंत्रण लेकर घर-घर जाएंगे रामभक्त

**हरिभूमि पंडरिया।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र आयोध्या से पण्डरिया खण्ड के लिए प्राप्त पूजित अक्षत पण्डरिया नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में रखा गया था, जिसको पंडरिया खण्ड के कुल 35 मंडल के 286 ग्राम के लिए 290 पोटली बनाकर वितरण के लिए तैयार किया गया है, श्रीराम जन्म भूमि गृह सम्पर्क अभियान खण्ड पंडरिया के पालक दानेश्वर परिहार के निर्देशन में जागरण टोली के कार्यकर्ता एवं जिला सेवा प्रमुख रघुनंदन गुप्ता ने बताया कि पंडरिया में अथत वितरण की समुचित व्यवस्था हेतु खण्ड को तीन भागों में बांटा गया है, पंडरिया खण्ड संगोजक संतोष जैन उपखंड कुण्डा एवं कुकदूर से संयोजक होरीलाल गबेल एवं धर्मराज वर्मा नगर संगीजक आकाश ठाकुर को बनाया गया है, अवगत हो कि पण्डरिया के उपखंड कुई से कृष्ण कुम्भकार, संतोष श्रीवास, रामचरित सोलंकी बसन्त वाटिया कबारी राम धुर्वे, सोनू सलूजा, उपखण्ड कुण्डा से नरेंद्र चंद्रवंशी, नकुल चन्द्राकर, भागवत चंद्राकर, अशोक, अक्षत कलश लेने पण्डरिया पहुंचे। जिसमें 21 मण्डल के 176 ग्राम के 29976 घरों के लिए पूचित अक्षत वितरण किया गया। पंडरिया खण्ड संयोजक संतोष जैन ने बताया कि उपखंड कुण्डा में अक्षत कलश के स्वागत के लिए कुण्डा एवं आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग शिव मंदिर कुण्डा के पास एकत्रित होकर भव्य स्वागत पश्चात भजन-कीर्तन करते हुए गांव को गली-मोहल्ले में भव्य कलश यात्रा निकल कर नगर भ्रमण किया गया। वहीं रघुनंदन गुप्ता ने अपील करते हुए कहा कि सेंदुरखार से लेकर सैहमालगी के उपस्थित 21 मण्डल के प्रमुख कार्यकर्ताओं व रामभक्तों को टोली 1 से 15 जनवरी तक हिन्दू परिवारों को आमंत्रण पत्र एवं चित्र वितरण के बीच 22 जनवरी को 11 से 01 बजे तक अपने ग्राम नगर के मंदिर देवालय में माताएं-बहने बंधुजन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने कहा। साथ ही साथ पंडरिया खण्ड के 14 मण्डल के 108 ग्राम के 20 हजार परिवारों को अक्षत वितरण किया जाना शेष है।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने 15वें वित्त राशि की जांच की मांग

**हरिभूमि कवर्धा।** बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरेखा में 15वें वित्त राशि का किए गए आय-व्यय के संबंध में ग्राम पंचगण व ग्रामवासियों द्वारा जांच कर जानकारी देने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई। जिस पर ग्राम पंचायत सरेखा के पंचगण व ग्रामवासियों द्वारा 15वें वित्त से प्राप्त राशि के संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव द्वारा 15वें वित्त राशि से ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य कराया गया है तथा खरीदी किए गए वस्तुओं की जांचकर आय-व्यय के संबंध में जानकारी मांगी गई। लेकिन लगभग 4 माह के बाद भी जिम्मेदार द्वारा जवाब व किसी प्रकार की जानकारी तथा कार्यवाही नहीं किया गया। जिस पर ग्राम पंच गण व ग्रामवासियों को संदेह है कि शासन-प्रशासन द्वारा 15वें वित्त से बड़ी राशि 2022-23 का ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव द्वारा आपस में मिली भगत से बड़ी राशि का गबन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत सरेखा के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 15वें वित्त मद से प्राप्त राशि का किए गए आय-व्यय की जांच व जानकारी की मांग की गई।

## नाऊडीह में निकाली गई अक्षत कलश शोभा यात्रा गूंजा जय श्रीराम का जयघोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

अयोध्या में बन रहें भव्य श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है वहीं श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य लेकर जिले सहित ग्रामीण क्षेत्र में अंचलवासियों में भारी खासा उत्साह का माहौल बना हुआ है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नाऊडीह में भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के मुख्य चौंक-चौंराहों से नगर भ्रमण कर किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्राम नाऊडीह के ग्रामीण जन बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व जय श्रीराम के नारे से नगर गूंजाएमान रहा।

इस दौरान गणमान्य नागरिक संघ सदस्य श्याम वर्मा, रवि वर्मा, आत्मा वर्मा, सोनी वर्मा, रमेश वर्मा, विनोद वर्मा ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य पूरा हुआ है, अब 22 जनवरी को मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी, इसी को लेकर ग्रामीणों के बीच भारी उत्साह लोगों को अयोध्या जाने के लिए आग्रह करेंगे। इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें वहीं भक्तियम का वातावरण बना हुआ है।

# जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य शुरू आवागमन में राहगीरों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पिपरिया विकास संघर्ष समिति द्वारा पिपरिया से झिरना जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर व बदहाल हो चुका था, जिससे राहगीरों व ग्रामीणो को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं वर्तमान फरवरी 2024 में माघ पूर्णिमा पर भव्य मेला का आयोजन होता है जिससे छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना का डर व आशंका बना रहता था जिसे देखते हुए संघर्ष समिति द्वारा वार्ड क्रमांक 08 पार्षद कमल कांत नाविक द्वारा आवेदन देकर अवगत कराया था। इसके बाद तत्काल अधिकारियों द्वारा पिपरिया से झिरना सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम झीरना-पिपरिया माघी-पुन्नी के अवसर पर मेला महोत्सव आयोजित किया जाता है जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर प्राचीन धार्मिक स्थल व इसका महत्व को देखते हुए दूर दराज से लोग विश्व प्रसिद्ध केवड़े के वृक्षों व मां नर्मदा कुंड दर्शन करने पहुंचते है। जिस पर पिपरिया विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने वार्ड नंबर 08 पार्षद कमल कांत नाविक को आवेदन पत्र सौंपा सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य को लेकर इस समस्या को अवगत कराया जिस पर पार्षद द्वारा इसन समस्या को गंभीरता व संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों से बातचीत की गई। वहीं जर्जर व बदहाल सड़की की सुधार व मरम्मत कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है जिससे आपास क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में राहत व सुविधा मिलेगी।

## सियान जतन में सीनियर सिटीजन समिति ने मनाया सुशासन दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** भारत रत्न स्व.प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस से 31 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है, इस कड़ी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता का दिवस आयोजित किया गया। जिसमें सियान जतन में भी सीनियर सिटीजन समिति के अध्यक्ष मदन तंबोली, वरिष्ठ सदस्य भंवर लाल लुनिया, ईवन कुमार साहू, राजेश कुमार पांडेय एवं प्रदेश प्रतिनिधि इंजीनियर एसएस जैन, नगर पालिका उप अभियंता वीरेंद्र नवघरे, होमेष मानिकपुरी जिला संयोजक स्वच्छ भारत मिशन, प्रमोद शर्मा प्राचार्य शारदा संगीत विद्यालय, नगर पालिका कवर्धा के कर्मचारी अवध धारवैया, संजय पाल, तीरथ साहू, राजेन्द्र देवांगन, घनश्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी गण ने उत्साह पूर्वक कार्य को संपादित कराया। वहीं कार्य का समापन पर सीनियर सिटीजन ने सुशासन दिवस मनाया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**दौरा:** ग्रामीणों ने किया अपने विधायक का आत्मीय स्वागत, डिप्टी सीएम ने दी गई सौगातें

# डिप्टी सीएम शर्मा ने किया अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल ग्राम लोहारीडीह, भेलवाटोला, ग्राम खमरिया मे आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण, किसान, युवाओ को किया संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री बनने के बाद कवर्धा विधायक विजय शर्मा शुक्रवार को पहली बार अपने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्रामो के दौरे पर पहुचें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का वनांचल ग्राम लोहारीडीह, भेलवाटोला, ग्राम खमरिया में ऐतिसाहिक स्वागत हुआ। महिलाओं-बुजुर्ग माताओं और ग्रामीणों ने अतिथि देव भवः की भारतीय परंपरा का अनुसरण करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

आरती थाली और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। लोक पारम्परिक औऱ नर्तक दलों द्वारा स्वागत किया गया। युवाओं ने रैली भी निकाली। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओ की सरकार है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वनांचल ग्राम लोहारीडीह, भेलवाटोला, ग्राम खमरिया मे आयोजित कार्यक्रम मे ग्रामीण, किसान, युवाओ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल के ग्राम लोहारिडीह में आंगनबाड़ी मरम्मत के लिए 1 लाख, सर्व समाज के सामुदायिक भवन 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने वार्ड 5 और 6 में दो हैण्डपम्प खनन कराने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने और प्राथमिकता में पूरा करने का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम भेलवाटोला मे आयोजित कार्यक्रम मे सर्वसमाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख देने और पेयजल के लिए एक हैण्डपम्प खनन कराने की घोषणा की। उन्होंने आंगनबाड़ी क्रमांक 2 के मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम खम्हरिया के किसानों ने स्थानीय नाला में सिचाई के लिए डायवर्सन निर्माण की मांग की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानों की मांगों पर अपनी सैद्धान्तिक सहमति देते हुए संबधित विभाग के अधिकारी को परीक्षण कराने और निर्माण संबधित प्राक्कलन बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि निर्माण की लागत अगर कम होगी तो स्थानीय स्तर पर स्वीकृति की कार्यवाही की जाएगी। निर्माण कार्य की लागत अधिक होने पर स्वीकृति के लिए आगामी बजट में शामिल कराने की घोषणा की। उन्होंने सर्व सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल, ईश्वरी साहू, जग्गू साहू, भुनेश्वर पटले, डॉ. आनंद मिश्रा, मंगलूराम पोर्ते, हेमचंद चंद्रवंशी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं, किसान और युवाजन उपस्थित थे।



### हर गांव में ग्रामीणों की मांग पर दी सौगात

पहले विधायक और फिर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम बनने के बाद पहली मर्तवा अपने विधानसभा के ग्रामीण अंचलों का दौरा करने पहुंचे विजय शर्मा जिस गांव में पहुंचे वहां उन्होने ग्रामीणों की मांग व आवश्यकता को देखते हुए कोई न कोई सौगात जरूर दी। श्री शर्मा ने वनांचल के ग्राम लोहारिडीह में आंगनबाड़ी मरम्मत के लिए 1 लाख, सर्व समाज के सामुदायिक भवन 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने वार्ड 5 और 6 में दो हैण्डपम्प खनन कराने की घोषणा की। इसी प्रकार ग्राम भेलवाटोला, खम्हरिया, खारा व निवासपुर में निर्माण व विकास कार्यो की सौगात दी।



### जब डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ता को पहनाई चप्पल

शुक्रवार को कवर्धा विधानसभा के वनांचल ग्रामों में पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के दौरा कार्यक्रम के दौरान एक ऐसा भी पल आया जब उन्होने भरे मंच में भाजपा के एक कार्यकर्ता को अपने हांथों से चप्पल पहनाई। दरअसल कवर्धा विधानसभा के ग्राम रेंगाखार के रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता टंकराम वर्मा ने विधानसभा चुनाव के पूर्व यह संकल्प लिया था कि जब तक विजय शर्मा विधायक नहीं बन जाते वे चप्पल नहीं पहनेंगे। आज श्री शर्मा के विधायक बनने के बाद श्री शर्मा ने स्वयं श्री वर्मा को चप्पल पहनाई।

## ग्राम खारा व निवासपुर पहुंचे डिप्टी सीएम शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭रेंगाखार

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहले दौरे पर पहुचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्राम खारा और निवासपुर में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। वनांचल के युवाओं ने उपमुख्यमंत्री के काफिले के सामने मोटर साइकिल रैली निकाल निकाली गई। रैली के साथ उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा निवासपुर पहुँचे। गांव की महिलाओं ने पुष्प से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। गांव के युवाओं, जवानों, किसानों एवं ग्रामीणों ने भी स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री शर्मा निवासपुर में सभा ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृत दी। हमारी सरकार मोदी की सभी गारंटी को पूरा करेगी,यह हम पूरे विश्वास के साथ बोल रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवासपुर के ग्रामीणों की मांग पर मंच निर्माण के लिए 4 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने किसानों की मांग पर निवासपुर में आने वाले में वर्ष मे धान खरीदी खोलने की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर निवासपुर में हैंडपम्प खनन करने के अधिकारी को निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निवासपुर में किसानों की मांग पर खेतों तक बिजली विस्तार की मांगों को निराकरण करने के लिए बिजली विभाग को निवासपुर में शिविर लाने के निर्देश दिए। मितानिनों ने पिछले 4 माह का मानदेय नही मिलने की शिकायत की, डिप्टी सीएम ने कलेक्टर को मानदेय संबधित समस्या का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल, ईश्वरी साहू, जग्गू साहू, भुनेश्वर पटले, डॉ. आनंद मिश्रा, मंगलूराम पोर्ते, हेमचंद चंद्रवंशी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 193 छात्र-छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**कवर्धा।** तेंदूपत्ता संग्राहक जिन्होंने 1 वर्ष में 500 गड्डी तेंदूपत्ता तोड़े है, उनके बालक-बालिकाओं को व्यवसायिक कोर्स के लिए 25,000 रूपए चार वर्ष में, गैर व्यवसायिक कोर्स के लिए 12000 रूपए तीन वर्ष में, 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 वीं के छात्र-छात्राओं को 15000 रूपए तथा 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को 25000 रूपए का 01 मुश्त भुगतान दिया जाता है। वनमंडलाधिकारी चूडामणि सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को वर्ष 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के 157 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को 29 लाख 45 हजार, व्यवसायिक शिक्षा के लिए 5 छात्र-छात्राओं को 50 हजार तथा 31 छात्र-छात्राओं को 1 लाख 55 हजार रूपए का भुगतान उनके खाते में किया गया।

### तहसील स्तर पर कंट्रोल रूप स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर धान पंजीयन, धान खरीदी, धान बोनस वितरण आदि के संबंध में प्राप्त शिकायतों, आवेदनों के निराकरण के लिए तहसील स्तर पर कंट्रोल रूप स्थापित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर सभी अनुविभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने तहसीलों में कंट्रोल रूप स्थापित किया है और अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आगामी आदेश पर्यन्त तक लगाई गई है। अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा पीसी कोरी ने बताया कि कवर्धा तहसील के लिए नायब तहसीलदार हुलेश कुमार पटेल को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### सूने मकान से 3.80 लाख की चोरी

**कवर्धा।** पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम चारभाठा कला में एक घर से 3.80 लाख रुपए की चोरी हो गई। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य गन्ना कटाई करने खेत गए हुए थे। उनके खेत जाते ही अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया। सब्बल से अलमारी तोड़कर उसमें रखे 1.80 लाख रुपए कैश और 2 लाख रुपए कीमती गहने चोरी कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक घटना 27 दिसंबर की दोपहर की है। पीड़ित चतुर चंद्रवंशी ने घटना की रपट दर्ज करा दी है।

# पंडरिया क्षेत्र में हुए अवैध वन विनास की हो जांच

## पांच वर्षों में धड़ल्ले से काटा गया पंडरिया का जंगल




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार और क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक से अंचलवासियों की तमाम अपेक्षाओं में से एक यह भी है कि राजनीतिक तुष्टिकरण के चलते हुए अवैध वनविनाश की भी निष्पक्ष और प्रशासनिक जांच होनी चाहिए और इसके लिए दोषी लोगों पर कठोर कार्यवाही भी हो। विगत वर्षों में पंडरिया वन परिक्षेत्र में जिस तरह से हरे भरे जंगलों की खुलेआम और अंधाधुंध अवैध कटाई हुई है उससे पूरा वनांचल न केवल सफाचट मैदान में तब्दील हो चुका है बल्कि हजारों एकड़ वन भूमि राजनैतिक और विभागीय संरक्षण के चलते सर्वथा अपात्र लोगों के द्वारा अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। पूर्व पंडरिया परिक्षेत्र अंतर्गत रहमानकापा, बदौरा, कोदवा, जमुनापानी में जिस तरह वर्षों पहले विभाग द्वारा लाखों रुपए की लागत से विभिन्न कक्षों में सागौन के वृक्षारोपण कराए गए थे और उनमें लगाए गए पौधे बढ़कर वृक्ष का स्वरूप ले रहे थे उन्हें महज दो से तीन सालों के भीतर वन विभाग की नजरों के सामने बेदर्दी से सफाया करके खेत बना दिए गए और जिस विभाग पर इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी थी उसने इसे रोकने और दोषियों पर कार्यवाही करने की बजाय राजनीतिक दबाव की आढ़ लेकर अपने बचाव का रास्ता भी बना लिया।

### वन अधिनियम की आड़ में वन विनाश

दरअसल ये सारा खेल वन अधिकार कानून की आढ़ में वनभूमि का पट्टा पाने, दिलाने के लिए हो रहा है। वनांचलों में सक्रिय कुछ संगठन और राजनेताओं की शह पर वनवासियों में यह प्रचारित किया गया कि जंगल काटो और कब्जा करके वन अधिकार के तहत पट्टा पाओ। इसी लालच के चलते पूरे क्षेत्र में वन विनाश करके वनभूमि पर कब्जा करने वालों की बाढ़ आ गई। एक इलाके से सर्वथा दूसरे इलाके में जाकर प्राकृतिक जंगल ही नहीं बल्कि विभाग द्वारा सैकड़ो हेक्टर में लगाए गये सागौन रोपणी क्षेत्रों को भी आनन फानन में उजाड़ कर अतिक्रमण कर लिए गए। ऐसे लोगों में सर्वथा अपात्र और बाहरी लोग होते हैं जिनका विरोध स्थानीय ग्रामीणों और वन समितियों द्वारा किए जाने पर कई बार विवाद और मारपीट की स्थिति भी आ जाती है। ऐसी स्थिति में भी उन अवैध वन विनाश करने वालों को राजनीतिक और विभागीय संरक्षण मिलता रहा जिससे उनका हौसला बढ़ा वही अपने जंगल को बचाने वाले हतोत्साहित हुए। वन अधिनियम के अनुसार किसी वनभूमि पर सन 2005 के पूर्व से काबिज वनवासी को ही वन अधिकार के तहत पट्टा पाने की पात्रता है। जबकि इस इलाके में वनविभाग की मिलीभगत से हाल फि लहाल में आकर सरकारी वृक्षारोपण क्षेत्र को उजाडने वालों को भी पट्टा देने की कवायद चल रही है। सुरक्षा पर जंगल राज हावी हो गया है।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा बने प्रदेश के गृह मंत्री

- कवर्धा में कार्यकर्ताओं ने मनाया अतिशी धमाकों के साथ जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुक्रवार को अपने मंत्री मण्डल का विस्तार करने के साथ ही कवर्धा सहित जिलेवासियों को एक बार फिर जश्न मनाने का मौका मिल गया। शुक्रवार को जैसे ही इस बात की खबर सामने आई है कि कवर्धा विधायक व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को प्रदेश का गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान प्रौद्योगिक मंत्री बनाया गया है जिले के भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कवर्धा शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व उनके समर्थकों ने अपनी इस खुशी का इजहार जोरदार आतिशबाजी कर तथा गाजे, बाजे के बीच रैली निकालकर किया। नगर के एकता चौक में समर्थकों जोरदार आतिशबाजी की और विजय भैया जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं की यह खुशी इसलिए और ज्यादा बढ़ गई क्योंकि श्री शर्मा शुक्रवार को अपने विधानसभा के दौरे पर थे। लोगों ने उन्हें इस बड़ी उपलब्धि और जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री मण्डल का विस्तार करते हुए अपने पास सामान्य प्रशासन ऊर्जा और जनसंपर्क मंत्रालय रखा है जबकि उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पीडब्ल्यूडी आरईएस और नगरीय प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा विधायक ओपी चौधरी को वित्त मंत्रालय तथा बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है।

### पूरी ताकत और सिद्दत से काम करूंगा

प्रदेश के गृह, जेल एवं पंचायत मंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे शीर्ष नेतृत्व ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। मै इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ताकत और सिद्दत के साथ निर्वहन करूंगा। कानून व्यवस्था बेहतर करने और नक्सलवाद को समाप्त करने काम करेंगे।

### जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखें:डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य के डीजीपी अशोक जुनेजा ने सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों की वर्चुअल बैठक लेकर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कबीरधाम एसपी भी शामिल रहे। डीजीपी ने राज्य में अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर पर निगरानी रखने के साथ ही चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर राजस्व, खाद्य व सहकारिता विभाग की आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम बनाकर धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने कहा है।

### स्वागत...



**कवर्धा।** कवर्धा विधानसभा कवर्धा के ग्रामीण अंचलों में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का किया गया भव्य स्वागत।

**करीब 300 ग्रामीणों को कंबल व स्वेटर मिलने से लोगों में दिखी खुशी**

# वनांचल ग्राम कुंडपानी में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



लायंस क्लब ने आज शुक्रवार 29 दिसंबर को सुदूर वनांचल के गाँव कुंडपानी में अभावग्रस्त जरूरतमंद बैगा आदिवासियों को 300 कंबल एवं स्वेटर वितरित किए। यह गाँव कवर्धा से 70 किमी दूर घने जंगल में स्थित है। इस गाँव के अलावा वनग्राम बेलापानी और मांदीभाटा के आदिवासी भी यहाँ एकत्र हुए थे। उन्हें एकत्र करने का काम चिल्फी वासी लायन रूपेश केशरवानी, एनजीओ कार्यकर्ता हरीश यदु, संजय निखोटे और वनग्राम बोक्करखार के सरपंच बलराम ने किया। ज्ञात हो कि लायंस क्लब पिछले सात वर्षों से शीत ऋतु में तीन-चार सौ कंबल बांटता चला आ रहा है। इस वर्ष पाँच सौ कंबल व स्वेटर वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगले जनवरी माह में वनग्राम तरेगांव के आसपास दो सौ कंबल स्वेटर बांटे जाएँगे। लायंस क्लब ने अपने सेवाकार्यों को शहर के अलावा गाँवों और आदिवासी इलाकों में इसीलिए केन्द्रित किया है, ताकि अभावग्रस्त लोगों तक सेवाएं पहुंचाई जा सके। इसी श्रृंखला के तहत क्लब ने ग्रामीण इलाकों के चार प्राइमरी स्कूलों को गोद लिया हुआ है। वहाँ उपस्थित आदिवासियों को छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए लायन अध्यक्ष बीपी गुप्ता, संरक्षक प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल एवं नीरज मंजीत छाबड़ा ने क्लब के लक्ष्यों के बारे में बताया। आज के कार्यक्रम में लायन हरीश गाँधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंदप्रकाश दानी, धनसुख पटेल, सुनीता गुप्ता, महेन्दर छाबड़ा, डॉ. संगीता चौहान, मनोज कुमार ठाकुर, ज्ञानचंद जैन, प्रमोद कोचर, रेखचंद मूंदड़ा, अजय गुप्ता, दुर्गेश ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, बद्री चन्द्रवंशी, शेरसिह पाली, नरेन्द्र सिंह बग्गा गोल्डी, गुरमीत चावला सहित अनेक लायंस उपस्थित थे।

# कोदो, कुटकी व रागी की खेती को लेकर किसानों का बढ़ा रूझान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य में कोदो, कुटकी और रागी की खेती को लेकर किसानों का रूझान बहुत तेजी से बढ़ा है।

कबीरधाम जिले के किसान अब कोदो, कुटकी और रागी बड़ी मात्रा में उत्पादन कर समर्थन मूल्य में विक्रय कर रहे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल से समर्थन मूल्य में कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी से किसानों को लाभ हो रहा है। गुरूवार को ग्राम पुटपुटा के खरीदी केन्द्र का वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह तथा उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन कवर्धा द्वारा लघु धान्य फसल कोदो, कुटकी व रागी के संग्रहण कार्य का निरीक्षण में किया गया। वनमंडलाधिकारी चूडामणि सिंह ने कोदो लाने वाले कृषकों को बताया गया कि कोदो, कुटकी एवं रागी की साफ-सफाई करने के उपरांत ही विक्रय केन्द्र में लाएं तथा इसी वर्ष में उत्पादित नमी रहित लघु धान्य लेकर आएं।

प्रबंधक एवं स्व-सहायता समूहों को गुणवत्तायुक्त, पूर्ण रूपेण, स्वच्छ एवं सूखे कोदो, कुटकी व रागी का ही क्रय करने के निर्देश दिए। गुणवत्तारहित एवं गिले मिलेट्स को क्रय न करने के समझाइस दी गई। यहां बताया गया कि प्रति किसान, प्रति एकड़ 3.50 क्विंटल कोदो एवं रागी तथा 2.00 क्विंटल कुटकी मिलेट्स का ही क्रय किया जाए। क्रय किए गए मिलेट्स की जानकारी अनिवार्य रूप से संग्राहक कार्ड में दर्ज किए जाने तथा संग्रहण के 15 दिवस के भीतर स्थायी गोदाम केन्द्र में परिवहन करने के निर्देश दिए गए। वनमंडलाधिकारी चूडामणि सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिला यूनियन कवर्धा, अंतर्गत कोदो 30000.00 क्विंटल, कुटकी 1200.00 क्विंटल व रागी 300.00 क्विंटल कुल संग्रहण लक्ष्य 31500.00 क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिसके संग्रहण के लिए कबीरधाम जिले अंतर्गत 5 वन धन केन्द्र, 44 संग्रहण केन्द्र एवं बेमेतरा जिले 02 संग्रहण केन्द्र बनाएं गए है।